संख्याः 2–20/2015–ई0एक्स0 एन0–एच0–स्थापना–पार्ट–II
आबकारी एवं कराधान विभाग
हिमाचल प्रदेश
दिनांकः शिमला–9 ,2020

कार्यालय आदेश

अतिरिक्त मुख्य सचिव (कार्मिक) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या पीईआर(एपी) सी–बी (2)–1/2019 दिनांक 22 अप्रेल, 2020 की अनुपालना में विभागीय जांच समिति की संस्तुति के आधार पर निम्नलिखित अनुबंध कर्मचारी जिन्होंने दिनांक 31.03.2020 को अनुबन्ध आधार पर (03) तीन वर्ष का सेवाकाल/कार्यकाल पूर्ण कर लिया है, को उनके द्वारा निम्नवर्णित नियम व शर्तो की अनुपालना सुनिश्चित कर सम्बन्धित कार्यालय के सक्षम अधिकारी के समक्ष उपस्थिति सूचना प्रस्तुत करने की तिथि से वेतनमान Rs.5910-20200+2800 ग्रेड पे में नियमित किया जाता है :–

क्र0 सं0	कर्मचारी का नाम	कर्मचारी का पता	कर्मचारी की जन्म तिथि	अनुबंध आधार पर नियुक्ति की तिथि तथा पदनाम (आशुटंकक)	वर्तमान नियुक्ति का स्थान
1.	श्री रमेश कुमार, कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक	S/o Sh. Het Ram Dev Niwas Anji Vikas Nagar PO. Kasumpti The. Shimla HP-171003	29.04.1988	12.12.2016	अति0 आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी (द0क्षे0) शिमला
2.	श्री नितिन, कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक	S/o Sh. Rajinder Kumar Vill. Pantehar PO. Garla Dei The. Palampur Distt. Kangra HP-176085	02.12.1992	12.12.2016	संयुक्त राज्य कर एवं आबकारी उ0क्षे0 पालमपुर

नियम व शर्तेः–

1. कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक, के पद पर यह नियुक्ति अस्थाई है।
2. कर्मचारी को सरकारी सेवा से एक माह के नोटिस पर बिना कोई कारण बताये पदच्युत किया जा सकता है।
3. यह नोटिस सरकार तथा कर्मचारी किसी भी पक्ष द्वारा दिया जा सकता है। नियुक्ति करने वाले प्रधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उसकी सेवाओं को एक मास का वेतन भत्तों के समान राशि देकर समाप्त कर सकता है।
4. कर्मचारी दो वर्षो की अवधि तक परिवीक्षा अवधि में रहेगा।
5. कर्मचारी को निष्पक्षता, ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के लिये भारतीय संविधान की शपथ ग्रहण करनी होगी कि वह निष्पक्षता, ईमानदारी तथा अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा की भारतीय संविधान की शपथ ग्रहण करेगा।
6. कर्मचारी की नियुक्ति हिमाचल प्रदेश के किसी भी स्थान पर की जा सकती है ।

Scanned with CamScanner

7. कर्मचारी की नियुक्ति हिमाचल प्रदेश बिवरेजिज लिमिटेड में भी की जा सकती है।
8. कर्मचारी शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र मूल रूप में उपस्थिति सूचना प्रस्तुत करने के समय प्रस्तुत करेगा।
9. कर्मचारी यह प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेगा कि यदि वह विवाहित है तो उसकी केवल एक ही पत्नी/पति है ।
10. कर्मचारी की नियुक्ति संलग्न प्रपत्र–संख्या 9.1 पर सम्बंधित पुलिस अधीक्षक द्वारा सत्यापित चरित्र और उनके द्वारा दिए गए सरकारी सेवा के लिए उपयुक्तता के आधार पर होगी ।
14 कर्मचारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अपनी स्वस्थता संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा उसके उपरान्त ही उसकी उपस्थिति ली जाएगी ।
11. कर्मचारी किन्ही दो राजपत्रित अधिकारियों से जो उसे लगभग तीन वर्ष से जानते हों से अपने अच्छे चाल चलन का प्रमाण पत्र उपस्थिति के समय प्रस्तुत करेगा ।
12. यदि कर्मचारी आरक्षित वर्ग से सम्बध रखता है तो वह इस आशय का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी नवीनतम प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा।

यदि उपरोक्त नियुक्ति प्रस्ताव उम्मीदवार को स्वीकार्य हो तो उसे इस आदेश के जारी होने के पश्चात् 10 दिनों के भीतर–2 अपनी उपस्थिति सूचना उपरोक्त तालिका में उम्मीदवार के नाम के आगे दर्शाए गए कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी ।

आदेशानुसार
आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी
हिमाचल प्रदेश शिमला–9

पृष्ठांकन संख्याः 2–20/2015–ई0एक्स0 एन0–एच0–स्थापना–पार्ट–।।-8512-8520 5-5-2020
प्रतिलिपि :–
1. अतिरिक्त मुख्य सचिव (कार्मिक) को उनके कार्यालय पत्र संख्याः पीईआर(एपी) सी–बी (2)–1/2019 दिनांक 22 अप्रेल, 2020 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।
2. प्रधान सचिव (आबकारी एवं कराधान) हि0 प्र0 को सूचनार्थ प्रेषित है।
3. पुलिस अधीक्षक शिमला,/कांगडा को कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र 9.1 पर चरित्र प्रमाण पत्र जारी करने की कृपा करे।
4. अतिरिक्त आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी द0क्षे0 शिमला/संयुक्त–आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी, (उ0क्षे0) पालमपुर, को इस आशय से प्रेषित है कि संबंधित कर्मचारी द्वारा उपस्थिति सूचना प्रस्तुत करने से पूर्व उपरोक्त वर्णित नियम व शर्तो की अनुपालना कर्मचारी से सुनिश्चित की जाए। यदि कर्मचारी समस्त नियम व शर्तो की अनुपालना उपस्थिति सूचना से पूर्व नहीं करता है तो उसका नियमितिकरण रद्द समझा जाएगा। इस आशय की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करें।
5. आई0टी0 शाखा को इस आशय के साथ प्रेषित है कि कार्यालय आदेश शीघ्र विभागीय साईट पर अपलोड किया जाए।
6. व्यक्ति विशेष/गार्ड फाईल ।

डा0 के0आर0 सेहजल (हि0प्र0से0)
अतिरिक्त आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी(प्रशा0)
हिमाचल प्रदेश शिमला–9

Scanned with CamScanner